classmate
Date
Page

31/05/2022 विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर एन. एस. एस स्वयंसेविकाओं ने नशा - मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक किया,

Srishti

05/06/2022 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एन. एस. एस. स्वयंसेविकाओं ने जागरूकता रैली निकाली, एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सृष्टि (इकाई 1) एवं सुश्री श्रुति, (इकाई 2) ने बच्चों को पर्यावरण को संरक्षित करने के गुर सिखाये,

Srishti

21/06/22 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डा. सुरेश जांगड़ा (सह-प्राध्यापक, भूगोल) द्वारा व्यावहारिक एवं सामाजिक क्षेत्र में योग [illegible] महत्व बताते हुए सूक्ष्म व्यायाम एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए, जीवन में योग को अपनाने हेतु प्रेरित किया,

11/07/22 विश्व जनसंख्या दिवस को एन. एस. एस. यूनिट 1 एवं यूनिट 2 ने जागरूकता रैली निकाली, साथ ही लघु-परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेविकाओं को जनसंख्या - विस्फोट की गंभीर समस्या के प्रति जागरूक किया गया,

Srishti

दिनांक 1 - 15 अगस्त 2022
हर घर तिरंगा अभियान, के अंतर्गत एन. एस. एस. स्वयंसेविकाओं ने तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड की, साथ ही 'हर घर तिरंगा' रैली निकालकर आसपास के लोगों को अभियान के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में एन. एस. एस. स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय प्रतिभागिता की,

Srishti

15/08/2022 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय भागीदारी की, इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया, तत्पश्चात् समारोह समापन के अवसर पर उपस्थित जनों में मिठाई - वितरण में सहायता की।

22/08/22 कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन' में सुश्री श्रुति त्रिपाठी, कार्यक्रम अधिकारी, इकाई 2 के मार्गदर्शन में 28 एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री बंडारू दत्तात्रेय, राज्यपाल (हरियाणा) एवं श्री कंवर पाल, शिक्षा मंत्री, हरियाणा ने छात्राओं को उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

सितम्बर 2022 (पोषण माह)

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 एवं 2 द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह 2022 के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया गया, 5वें राष्ट्रीय पोषण माह 2022 की थीम 'महिला और स्वास्थ्य' व 'बच्चा और शिक्षा' — महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा रखी गई थी। इसके तहत स्वयंसेविकाओं ने अच्छे पोषण और इसकी महत्वपूर्ण भूमिका का संदेश पोस्टर बनाकर अपने आस - पास के स्थलों पर भली प्रकार से पहुँचाने का प्रयास किया, इतना ही नहीं, बच्चा और शिक्षा थीम को ध्यान में रखते हुए विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर अपने आस-पास के 14 साल तक की उम्र के बच्चों को साक्षर किया, 8 सितम्बर, 2022 को लोगों को साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक किया। समय - समय पर कार्यक्रम अधिकारी, सुश्री सृष्टि रंगा (इकाई 1) एवं सुश्री श्रुति त्रिपाठी (इकाई 2) ने इस विषय पर स्वयंसेविकाओं के साथ लघु परिचर्चा की।

Page

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पोषण माह के अन्तर्गत विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य वक्ता डॉ॰ ममता, विभागाध्यक्ष, गृहविज्ञान, ने स्वयंसेविकाओं को महिलाओं में पोषण का महत्व बताया, उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपना शत-प्रतिशत दे रही हैं।
5वें राष्ट्रीय पोषण माह 2022 के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं को बहुत-कुछ सीखने को मिला।

Srishti

15/09/2022 'विश्व शांति दिवस' के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी, सुश्री सृष्टि रंगा एवं सुश्री श्रुति त्रिपाठी ने स्वयंसेविकाओं को संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित थीम 'End Racism. Build Peace' के बारे में बतलाया। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार जातिवाद का खात्मा सामुदायिक सौहाद्र की तरफ बढाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना जहाँ किसी भी भेदभाव से परे एक स्वस्थ एवं शांति से परिपूर्ण माहौल हो, स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर इस लघु परिचर्चा में हिस्सा लिया।

Srishti

24/09/2022 कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 'राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस' के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी, सुश्री सृष्टि रंगा (इकाई 1) के मार्गदर्शन में 04 स्वयंसेविकाओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम संचालक, राष्ट्रीय सेवा योजना ने समाज में एन॰एस॰एस॰ के योगदान पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेविकाओं का उत्साह-वर्धन किया।

Srishti

02/10/2022 गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस पर कार्यक्रम अधिकारी, सुश्री सृष्टि रंगा (इकाई 1) एवं सुश्री श्रुति त्रिपाठी (इकाई 2) के मार्गदर्शन में 'सांप्रदायिक सौहार्द्र' विषय पर ऑनलाइन लघु-परिचर्चा का आयोजन किया गया।

Sd/-

19/10/2022 राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने 'MGNCRE- MoE GOI Institutional Workshop on Experimental Learning / Rural Engagement / Rural Entrepreneurship / Sustainability Workshop' में भागीदारी की, तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं ने 'Mega Swachhata Drive' के तहत कॉलेज परिसर एवं अपने आस-पास के क्षेत्र में बिखरे पॉलिथीन और प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर उसका सुरक्षित निस्तारण किया।

Sd/-

31/10/2022 सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर देशभर में 'राष्ट्रीय एकता दिवस (National Unity Day)' मनाया गया, इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी, सुश्री सृष्टि रंगा (इकाई 1) के मार्गदर्शन में 'पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता', 'सेल्फी प्रतियोगिता' एवं 'Run for Unity - Pledge' का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।
स्वयंसेविकाओं ने 1 km से अधिक दूरी की रैली निकाली। जिसमें कॉलेज के विभिन्न प्रोफेसर साथ गये: डॉ सुभाष शर्मा, डिम्पल शर्मा और बलबीर थे।

Result of Poster Making Competition:

First Position: Neha B.Com Ist A, 203
Second Position: Preeti Verma BA IInd 335
Third Position: Priya B.A. final, 230,
Saloni B.A IInd, 2210.

Date ______
Page ______

## Result of Selfie Contest:

First Position : Tanya & Group. B.Com I
Second Position : Yana & Group B.Com I
Third Position : Aarti & Group. B.A II
Anjali & Group B.A. I.

Sanjukta

14/11/2022 राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी स्वयंसेविकाओं ने Haryana State Narcotics Control Bureau द्वारा आयोजित E-Pledge HSNCB में प्रतिभाग किया,

26/11/2022 संविधान दिवस के अवसर पर सभी स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर बनाकर अपने परिवेश में जागरूकता फैलाई, साथ ही मूलभूत अधिकारों के साथ-साथ मूलभुत कर्तव्यों का महत्व का संदेश दिया,

01/12/2022 विश्व एड्स दिवस के अवसर पर लघु व्याख्यान का आयोजन किया गया, STD, एवं बचाव के बारे में जागरुकता अभियान चलाया गया।

?/12/2022 राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 एवं 2 ने मुख्य डाकखाना, करनाल की सहकार्यता से 'Philately' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया, श्री अजिन्दर कुमार, विक्रय प्रबंधक, मुख्य डाकखाना, करनाल ने स्वयंसेविकाओं को डाक-संबंधी योजनाओं के बारे में जागरुक किया,

26/01/2023 गणतंत्र दिवस के अवसर पर N.S.S. स्वयंसेविकाओं ने परिसर में परेड के उपरान्त मिष्ठान भंडारण एवं वितरित करने में सहयोग किया।

26/02/2023 – 27/02/2023 NIFAA द्वारा आयोजित रक्त-संबंधी कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने मंगलसैनी भवन, करनाल में प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि, श्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्य मंत्री, हरियाणा ने सभी को रक्त दान करने की प्रेरणा दी।

08/03/2023 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं ने सामूहिक चर्चा में प्रतिभाग किया। 'DigitALL: Innovation and technology for gender equality' जो कि इस वर्ष महिला दिवस की थीम थी, स्वयंसेविकाओं ने इस सामूहिक चर्चा से ज्ञानवर्धन किया।

11/03/2023 – 17/03/2023 तात्कालिक प्राचार्या श्रीमती निर्मल अत्री की अनुमति से ग्राम रांवर में Unit I एवं II ने सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। विस्तृत रिपोर्ट संलग्न।

22/03/2023 'विश्व जल दिवस' के अवसर पर N.S.S. स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सृष्टि रंगा (Unit 1) एवं सुश्री श्रुति त्रिपाठी (Unit 2) की में आसपास के क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली।

13/04/2023 'डॉ. बी. आर. अम्बेडकर जयंती के अवसर पर कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया।

Date ______
Page ______

22/04/2023 'World Earth Day' के अवसर पर मुख्य थीम "Invest in Our Planet" पर एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं ने लघु परिचर्चा की, कार्यक्रमाधिकारी सुश्री सृष्टि रंगा (इकाई 1) एवं सुश्री श्रुति त्रिपाठी (इकाई 2) ने इस विषय पर प्रकाश डाला,

12/05/2023 - 13/05/2023 'Village Adoption Program' के अंतर्गत कार्यक्रमाधिकारी (Unit 1 एवं 2) ने NEET Survey हेतु क्रमशः ग्राम रांवर एवं ग्राम गंजोगढ़ी में एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं का मार्गदर्शन किया,

17/06/2023 - 18/06/2023 सुश्री सृष्टि रंगा, कार्यक्रमाधिकारी (इकाई 1) के प्रतिनिधित्व में एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं ने योग दिवस हेतु शाखा ग्राउंड, करनाल में योग का प्रशिक्षण लिया।

21/06/2023 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुश्री सृष्टि रंगा, कार्यक्रमाधिकारी (इकाई 1) के मार्गदर्शन में एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं ने योग से संबद्ध सूक्ष्म व्यायामों एवं प्राणायामों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया,

23/07/2023 - 29/07/2023 "समर्थ बाल वृद्ध और नारियां रहें सदा हरे-भरे वनों की शाल ओढ़ती रहे धरा" को वास्तविक रूप में चरितार्थ करने हेतु कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप पौधारोपण सप्ताह का आयोजन किया गया, सभी एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं ने अपने घर एवं आसपास के क्षेत्र में दो-दो पौधे रोपित किए, साथ ही 'प्लास्टिक मुक्त अभियान' के अंतर्गत प्लास्टिक का न्यूनतम प्रयोग करने का प्रण लिया,

15/08/2023 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं ने 'Nation First, Always First' की थीम को चरितार्थ करते हुए कॉलेज में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में अपना पूर्ण सहयोग दिया,

28/08/2023 महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के नए भवन के उद्घाटन हेतु माननीय श्री संजय भाटिया जी, निर्वाचित सदस्य, संसद को आमंत्रित किया गया, इस कार्यक्रम में एन. एस. एस. स्वयंसेविकाओं ने 'मैं नहीं परन्तु आप' (N.S.S. Motto) को चरितार्थ करते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान किया, साथ ही कु. कोमलजीत (पूर्व एन. एस. एस. स्वयंसेविका) एवं कु. मीनू (एन. एस. एस. स्वयंसेविका) को माननीय मुख्य अतिथि द्वारा सत्र की उत्तम स्वयंसेविका का प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया, उन्होंने एन. एस. एस. कार्यक्रमाधिकारी सुश्री सृष्टि रंगा एवं सुश्री श्रुति त्रिपाठी समेत सभी स्वयंसेविकाओं को उनके निस्वार्थ सेवा भाव के लिए बधाई दी।

01/09/2023 हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी के प्रतिनिधित्व में 'Mega Cyclothon Rally' की शुरुआत करनाल से की गई। इस अवसर पर एन. एस. एस. कार्यक्रमाधिकारी सुश्री सृष्टि रंगा एवं सुश्री श्रुति त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया, साथ ही नशा-मुक्ति जागरूकता हेतु प्रण लिया।

8/09/2023 विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर एन. एस. एस. स्वयंसेविकाओं ने थीम 'Promoting literacy for a world in transition: Building the foundation for sustainable and peaceful societies' पर सामूहिक परिचर्चा की, साथ ही भारत को उन्नत बनाने हेतु कम-से-कम पांच लोगों को साक्षर करने का प्रण लिया, इस अवसर पर कार्यक्रमाधिकारी सुश्री सृष्टि रंगा (इकाई 1) एवं सुश्री श्रुति त्रिपाठी (इकाई 2) ने स्वयंसेविकाओं को साक्षरता अभियान के लिए प्रेरित किया।

25/09/2023 'Mega Cyclothon Rally' के सफलतम आयोजन के उपलक्ष में दशहरा मैदान, करनाल में समारोह आयोजन हुआ, जिसमें एन. एस. एस. सेविकाओं ने प्रतिभाग किया, माननीय मुख्यमंत्री ने सभी को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

Date
Page

01/10/2023 "एक तारीख, एक घंटा, एक साथ" को चरितार्थ करते हुए एन. एस. एस. स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया, साथ ही तात्कालिक प्राचार्य, श्री चमनलाल जी की अनुमति से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर के अन्तर्गत स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता अभियान के अतिरिक्त 'पॉलीथीन मुक्त पर्यावरण' रैली निकाली, साथ ही "Beat Plastic Pollution" विषय पर सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया, इसके उपरान्त एन. एस. एस. स्वयंसेविकाओं को जलपान देकर 'एक दिवसीय शिविर' का समापन किया गया।

09/10/2023 'सड़क सुरक्षा क्लब' द्वारा आयोजित लेक्चर में स्वयंसेविकाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि, श्री अशोक शर्मा, सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेविकाओं को सड़क नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

14/10/2023 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमाधिकारी सुश्री श्रुति त्रिपाठी इकाई 2 के मार्गदर्शन में एन. एस. एस. स्वयंसेविकाओं ने कलश-यात्रा निकाली, इस अवसर पर माननीय प्राचार्य, श्री सुभाषचंद्र शर्मा जी ने एन. एस. एस. स्वयंसेविकाओं का उत्साह-वर्धन किया, इस अवसर पर संगीत विभाग की डॉ. नीतू (A. P. Music) एवं डॉ. अंजना भी उपस्थित थीं।